DATA STRUCTURE WITH "C" IN HINDI

BccFalna.com

097994-55505

Kuldeep

If you are really interested in Professional Development, you will sure have to learn various types of **Data Structures and Algorithms** propery so that you can create Well Performing Application Softwares.

In this EBook, I have covered various important espects of Data Structures and Algorithms like **Array, Linked List, Stack, Queue, Tree, Graph, etc…** which are very important to learn not only for Degree Level Cources but also for Efficient and Well Performing Professional Development.

In this EBook, I have covered various Data Strucutre Concepts with “C” Programming Language, but I have also described Algorithm of each concept, which can be easily implemented in any Programming Language.

Data Structure with "C" In Hindi

■■■
Kuldeep Chand

Betalab Computer Center
Falna

Data Structure and Algorithms with "C" in Hindi

Lead Editors: Kuldeep Chand

Distributed to the book trade worldwide by Betalab Computer Center, Behind of Vidhya Jyoti School, Falna Station Dist. Pali (Raj.) Pin 306116

e-mail *bccfalna@gmail.com*

or

visit *http://www.bccfalna.com*

For information on translations, please contact Betalab Computer Center, Behind of Vidhya Jyoti School, Falna Station Dist. Pali (Raj.) Pin 306116

Contact: 097994-55505

This book is dedicated to those

who really wants to be

a

PROFESSIONAL DEVELOPER

INDEX OF CONTENTS

Table of Contents

DATA, FIELD, RECORD & FILE

Data Structure Fundamentals and Arrays

Data - Field, Record and File

किसी भी समस्या के समाधान के लिए Computer को विभिन्न प्रकार के मानों की जरूरत होती है। Computer में किसी मान या मानों के समूह को **Data** कहा जाता है और मानों के समूह के किसी Single Item को **Data Item** कहा जाता है।

जिस Data Item को Sub Item में विभाजित किया जा सकता है, उस Data Item को **Group Item** या **Composite Data Item** कहते हैं और जिस Data Item को Sub Item में विभाजित नहीं किया जा सकता, उस Data Item को **Elementary Data Item** या **Primary Data Item** कहते हैं।

उदाहरण के लिए किसी School में जो विभिन्न Students Study करते हैं उन सभी Students का कोई ना कोई नाम होता है। हर Student का नाम Computer के लिए एक Data है। हम हर Student के नाम को तीन Sub Items First Name, Middle Name व Last Name विभाजित कर सकते हैं। इसलिए Name एक Group Data Item है।

इसी तरह जब भी कोई Student किसी School में Admission लेता है तो उस Student को एक Unique Serial Number प्रदान किया जाता है। एक Student को जो Number Allot किया जाता है वह Number किसी दूसरे Student को Allot नहीं किया जाता। ये Number किसी अमुक विधार्थी की Unique पहचान होती है। विभिन्न Students को दिए जाने वाले Serial Number को हम अन्य Data Items में विभाजित नहीं कर सकते हैं। इसलिए Serial Number एक Elementary Data Item कहलाता है।

Data के किसी समूह को Fields, Records व Files की Hierarchy के रूप में Organize किया जा सकता है। हम जिस किसी भी चीज को Computer में Manage करना चाहते हैं, उसे एक **Entity** या इकाई के रूप में लेते हैं। दुनिया की हर चीज Computer के लिए एक **Object** या **Entity** है। जैसे Table, Chair, Computer, CPU, RAM आदि।

इसी तरह से किसी Company के विभिन्न Employees उस Company के लिए Entities या Objects हैं और किसी School के विभिन्न Teachers, उस School के Objects या Entities हैं। इसी तरह किसी Class के विभिन्न Students उस Class के Objects या Entities हैं।

यानी दुनिया की हर वस्तु Computer के लिए एक Object या Entity है जिसे Computer में Data Item के रूप में Organize किया जा सकता है। हर Object या Entity की कुछ विशेषताएं होती हैं, जो उसे अन्य Object या Entity से अलग बनाती है। जैसे एक Student की विभिन्न विशेषताएं उसका नाम, उसका Serial Number, उसकी उम्र, उसका Color उसका Sex आदि हो सकती हैं।

इसी तरह से किसी Company के विभिन्न Employees की भी अपनी विशेषताएं हो सकती हैं। किसी भी Entity या Object की विभिन्न विशेषताओं को Entity की **Characteristics** या

Properties या **Attributes** कहते हैं। इन Attributes में कोई ना कोई मान Assign किया जा सकता है। ये मान Numeric या Non - Numeric हो सकते हैं। जैसे किसी Student के विभिन्न Attributes को निम्नानुसार मान प्रदान किया जा सकता है:

Sr_No	Name	Age	Sex	Class
123	Amit Sharma	15	Male	10
234	Rahul Varma	16	Male	10
121	Salini Bohra	15	Female	9
544	Silpa Roy	14	Female	8
534	Prince Mishra	13	Male	6
532	Devendra Bhati	14	Male	9

Entity का वह समूह जो कि Similar Attributes को Share करता है, **Entity Set** कहलाता है। जैसे Table 1 में विभिन्न Students समान Attributes को Share कर रहे हैं इसलिए ये समूह Students Entities का एक Set कहलाता है। Entity के हर Attribute को प्रदान किए जा सकने वाले मान की एक Range होती है। हम Table 1 में देख सकते हैं कि हमें हर Row में किसी Students की विभिन्न जानकारियां प्राप्त हो रही हैं। यहां किसी Attribute को प्रदान किया जाने वाला मान एक Processed Data होता है। इस Table में कई Attributes मिलकर किसी एक Student के बारे में पूरी Information प्रदान कर रहे हैं।

वह तरीका जिसमें Data को Fields, Records व Files के Hierarchy के रूप में Organized करते हैं, Data, Entity व Entity Set के बीच में एक Relationship को Represent करता है। Field किसी Single Entity के किसी Attribute को Represent करता है। किसी Entity के विभिन्न Attributes को प्रदान किया जाने वाला मान Record को Represent करता है और किसी Entity Set के विभिन्न Entities को File Represent करता है। किसी Record में किसी Entity के कई Fields हो सकते हैं लेकिन जो Field किसी Record को Uniquely Identify करता है उसे **Primary Key Field** कहते हैं। जैसे किसी School के विभिन्न Students को Uniquely Identify करने के लिए हर Student का एक Serial Number होता है।

Data को Fields, Records व Files के रूप में अच्छी तरह Organized करने के बाद भी Data को Maintain व Process करना काफी जटिल होता है। इस वजह से Data को और अधिक जटिल Structure में Organize किया जाता है। किसी भी Data Structure को समझते समय हमें निम्न बातों पर ध्यान देना होता है–

1. Structure की Logical या Mathematical Description
2. Structure की Computer पर Processing
3. Structure का Analysis जिसके आधार पर ये तय किया जाता है कि कोई Data Structure Memory में कितनी Space लेगा और Data को Process करने में कितना समय लगेगा।
4. Memory में सूचनाएं किस प्रकार से संगठित हो कर रहेंगी।

किसी भी Program की सार्थकता सूचनाओं के संगठन के आधार पर निर्भर होती है। प्रोग्राम की योग्यता इस बात पर निर्भर करती है, कि Data Memory में किस प्रकार से संगठित (Organized) हैं व उनका आपस में क्या सम्बंध है। यदि Data सही प्रकार से Memory में संगठित ना हों, तो प्रोग्राम के Execution में अधिक समय लगता है।

अतः किसी भी प्रोग्राम के Fast Execution के लिये उचित Data Structure का चयन बहुत ही जरूरी है। Data का वह समूह, जो Memory में कम से कम स्थान लेता हो और सामुहिक रूप से आपस में सम्बंधित हों तथा प्रोग्राम मे Fast Execution में सहयोग करते हों, **Data Structure** कहलाते हैं।

Data Structure वास्तव में Program बनाते समय अपनाए जाने वाले विभिन्न तरीकों में से सबसे सरल व अच्छा तरीका उपयोग में लेना होता है। ये उपयोग में लिये जाने वाले तरीके पर निर्भर करता है कि हमारा Program व उस Program के Data Memory में कितना Space लेंगे।

जैसे कि हम एक Array में ढेर सारे Data रख सकते हैं, लेकिन यदि Array की Size अधिक रखी जाए, तो Array द्वारा फालतू में ही Memory का दुरूपयोग होता है। इस Array के स्थान पर यदि Dynamic Memory Allocation का प्रयोग किया जाए, तो ये उतनी ही Memory Use करता है, जितनी जरूरत होती है।

इस प्रकार से Data, Array के बजाय Dynamic Memory Allocation से Memory में अधिक अच्छी तरह से Organized रहते हैं। इसलिये Dynamic Memory Allocation एक अधिक अच्छा Data Structure या Data के साथ प्रक्रिया करने का माध्यम है।

कोई भी Data Structure Data सदस्यों के बीच Relationship भी प्रदर्शित करता है। जैसे कि एक Telephone Directory में उन सभी व्यक्तियों के नाम, पते व Phone Number लिखे होते हैं, जिनके पास Phone है। ये सभी एक क्रम में होते हैं। ये क्रम **Data Structure** है और सभी Phone Numbers को उसके मालिक के नाम व पते के साथ लिखा जाता है, जिससे किसी भी Phone Number से उस Phone के मालिक का नाम पता आदि जाना जा सकता है। इस प्रकार से सभी Phone Numbers का उसके मालिक से सम्बंध है।

इसलिये हम कह सकते हैं कि Data Structure के सदस्य आपस में Related होते हैं। किसी भी Program को दो कसौटियों पर अच्छा या बुरा कहा जा सकता हैः Program के Execution द्वारा लिया जाने वाला समय और Program द्वारा Memory में लिया जाने वाला स्थान। यदि Program Execute होने में काफी समय लगाता है, तो Program को अच्छा नहीं कहा जा सकता।

साथ ही यदि Program Memory में काफी अधिक स्थान लेता है, तो ये Program की कमी है। एक अच्छा Program Memory में कम से कम स्थान लेता है और कम से कम समय में अच्छा से अच्छा परिणाम प्रदान करता है। हम एक उचित Data Structure का प्रयोग करके यानी एक सरल व उचित तरीका अपना कर ये दोनों जरूरतें पूरी कर सकते हैं।

Data Structures

Data को Organize करने के कई तरीके हो सकते हैं। Data को Organize करने के Logical या Mathematical Model को **Data Structure** कहा जा सकता है। हम किस Data Structure को Choose करें ये बात दो तथ्यों पर निर्भर करती है:

1 Structure इतना सक्षम होना चाहिए कि वह उसी तरह से Logically Data के विभिन्न Elements के बीच Relationship प्रदर्शित कर सके जिस तरह से वास्तविक जीवन में विभिन्न Data Items आपस में Related होते हैं।

2 Data Structure इतना सरल होना चाहिए कि कोई भी Programmer किसी भी Computer Language में Coding लिख कर Data को आसानी से Process कर सके।

Linear Data Structure

जब किसी Data Structure के सभी Items एक Continuous Memory Locations पर उपलब्ध हों, तो इसे **Linear Data Structure** या Linear List कहते हैं। जैसे कि एक **Array** के सभी Elements लगातार Memory Locations पर उपलब्ध रहते हैं। विभिन्न Memory Locations पर उपलब्ध विभिन्न Data Items के बीच Relationship Represent करने का एक तरीका ये है कि हम Array का प्रयोग करें। Array एक Linear Data Structure है। दूसरे तरीके में विभिन्न Data Items के बीच के Relation को एक Linked List के रूप में Represent किया जाता है। इस तरीके के Data Structure में हम **Linked Lists** का प्रयोग करते हैं।

Non-Linear Data Structure

जब किसी Data Structure में सभी इकाईयां एक Continues Memory Locations पर उपलब्ध ना हों, तो ये एक **Non-Linear Data Structure** कहलाता है। Non–Linear Data Structures के रूप में हम Trees व Graphs का प्रयोग करते हैं। किसी भी Data Structure पर हम निम्न क्रियाएं कर सकते हैं:

1 नई इकाई जोडना।
2 किसी इकाई को Delete करना।
3 Processing के लिये हर इकाई पर Move करना।
4 किसी मान को सभी इकाईयों में खोजना।
5 इकाईयों की Sorting करना।
6 दो Structures को जोड कर एक Structure बनाना।

जब हम किसी Data Structure को Choose करते हैं तब किसी Data Item के साथ किस प्रकार से प्रक्रिया करनी है, ये तथ्य उस Data Structure पर निर्भर करता है कि हमने किस प्रकार का Data Structure Choose किया है।

Array एक सबसे सरल Data Structure है जिस पर विभिन्न प्रकार के Operations करना काफी आसान होता है। Array का प्रयोग तब किया जाता है जब Data के Permanent Collection पर विभिन्न Operations करने होते हैं। क्योंकि Array की Size एक ही बार में Set करनी पडती है इसलिए इसमें जो भी Data होते हैं वे Permanent होते हैं। लेकिन जब Data Structure की Size Changeable होती है तब हम Array के स्थान पर Linked List का प्रयोग करते हैं।

Algorithm : Time – Space Tradeoff and Complexity

किसी समस्या के समाधान को प्राप्त करने के लिए विभिन्न Steps की एक Well Defined List को **Algorithm** कहते हैं। Data को Efficiently Process करने के लिए एक Efficient Algorithm की आवश्यकता होती है। कोई Algorithm कितना Efficient है यानी किसी समस्या के समाधान के लिए Algorithm किस तरह लिखा गया है और Algorithm में लिखे गए Steps कितनी Efficiently Data की Processing करते हैं, इसे दो तथ्यों **Time** व **Space** के आधार पर तय किया जाता है।

हर Algorithm में Data पर विभिन्न तरीके से Processing की जाती है। इसलिए हम हमेंशा Data को Process करने के लिए सबसे Efficient Algorithm को Use नहीं कर सकते। कोई Algorithm कितना Efficiently Data पर Processing करेगा ये बात कुछ अन्य तथ्यों पर भी निर्भर करती है। जैसेकि हम किस प्रकार के Data पर Processing कर रहे हैं और Data पर विभिन्न Operations करने के लिए कितने Steps लेने पडते हैं।

Time – Space Tradeoff Use किए जा रहे Data Structure पर निर्भर करता है। यानी यदि हम Data को Store करने के लिए Space बढा दें तो Data की Processing में लगने वाला समय कम हो जाता है और यदि Data को Store करने के लिए Use होने वाले Space को कम कर दें, तो Data की Processing में लगने वाला समय बढ जाता है। Time–Space Tradeoff को समझने के लिए हम एक उदाहरण लेते हैं।

मानलो कि एक File में विभिन्न Students की Information हैं। File को Name Wise Sort करके और Binary Searching Algorithm को Use करके हम बहुत Efficient तरीके से इस File में से किसी विशेष नाम के Record को प्राप्त सकते हैं।

लेकिन यदि हमें किसी Student का Serial Number दिया गया हो और हमें उस Serial Number वाले Student के Record को Search करना हो तो हम Binary Searching तरीके को Use करके Record को नहीं खोज सकते हैं।

क्योंकि Binary Searching Algorithm को Use करने के लिए हमें Sorted Records की जरूरत होती है और किसी File के विभिन्न Records को या तो Name Wise Sort करके रख सकते हैं या Serial Number के अनुसार। हम Name व SR_No दोनों को एक साथ Sort करके नहीं रख सकते। इसलिए यदि हमें SR_No के अनुसार किसी Record को खोजना हो तो हमें File के हर Record को किसी अमुक SR_No के लिए Check करना होगा। यदि Search की जाने वाली File में काफी अधिक Records हों तो इस तरह की Searching में बहुत Time लगेगा।

इस समस्या का एक समाधान ये हो सकता है कि हम एक और File बनाए और उसे Serial Number Wise Sort करके रखें। लेकिन ऐसा करने पर समान प्रकार के Data की दो File बन जाएगी जिससे Memory में दुगुना Space Use होगा। इसलिए इस तरीके को भी एक Efficient तरीका नहीं कहा जा सकता।

इस समस्या के समाधान के रूप में हम एक तरीका और अपना सकते हैं। हम Main File को SR_No Number के अनुसार Sort कर देते हैं और एक और Array लेते हैं और उसमें केवल दो Columns एक नाम के लिए व दूसरा Pointer के लिए लेते हैं। इस Array को Name Wise Sort कर लेते हैं। इस Array के हर SR_No का एक Pointer Main File के किसी Record को Point करता है।

इस तरीके में हालांकि दूसरे Array के लिए Extra Space Use हो रहा है लेकिन फिर भी इस Array में केवल दो Fields हैं, इसलिए इस तरीके में कम से कम Space Use होगा। इस तरीके के Algorithm को हम एक **Efficient Algorithm** कह सकते हैं।

किसी Algorithm की **Complexity** एक Function होता है जो किसी Input Data के आधार पर Data की Processing में लगने वाला समय या Space या दोनों को दर्शाता है। यानी किसी Algorithm को Execute होने में कितना समय लगेगा और वह Algorithm Memory में कितना Space लेगा, इन दोनों या दोनों में से किसी एक बात को दर्शाने के लिए हम जिस Function को Use करते हैं, वह Function बताता है कि कोई Algorithm कितना Complex है और कितने समय में किसी Data की Processing करेगा तथा Data की Processing के लिए कितना Space Use करेगा। इन Functions द्वारा हम Mathematically ये जान सकते हैं कि कोई Algorithm किसी अन्य Algorithm की तुलना में कितना Efficient है।

Computer Science में Algorithms को Analyze करना एक बहुत ही बडा व जटिल काम है। किन्ही Algorithms की तुलना करने के लिए हमारे पास कुछ Criteria होना बहुत जरूरी होता है, जिससे हम पता लगा सकें कि कोई Algorithm कितना Efficient है।

यदि किसी Data Structure में **n** Data हों तो Algorithm **M** के Input Data की Size **n** होती है। Input Data की Size किसी भी Algorithm का पहला Criteria होता है। हम किसी Algorithm से किस प्रकार के Steps का प्रयोग करके Data Process करते हैं, उन Steps की संख्या किसी Algorithm की **Efficiency** ज्ञात करने का दूसरा Criteria होता है।

यानी कोई Algorithm कितना Efficient है, ये Input Data व Data को Process करने के लिए Use किए जाने वाले Steps की संख्या यानी Comparisons पर निर्भर करता है।

कोई Algorithm किसी समस्या का समाधान प्रदान करने के लिए कितने समय व Space का उपयोग करता है, इन दोनों तथ्यों के आधार पर उस Algorithm की **Efficiency** का पता चलता है। मानलो कि **M** एक Algorithm है और उसके Input Data की Size **n** है। किसी Searching या Sorting के Algorithm में जितने Operations के बाद Data Process होता है, उन Operations की संख्या के आधार पर Algorithm के Time का पता चलता है।

जैसे मानलो कि एक File में 1000 Records हैं और उन में से किसी विशेष नाम के Record को प्राप्त करना है, तो Algorithm को वांछित Record प्राप्त करने के लिए अधिकतम 1000 Comparisons करने पड सकते हैं। इन अधिकतम 1000 Comparisons में लगने वाले समय को Algorithm द्वारा Use किया जाने वाला समय कहते हैं और इन 1000 Comparisons में Algorithm जितनी Memory को Use करता है, वह Memory किसी Algorithm द्वारा Use की जाने वाली Space होती है।

किसी Algorithm M की Complexity ज्ञात करने के लिए एक **Function f(n)** का प्रयोग किया जाता है। ये Function किसी Algorithm की Complexity प्रदान करता है जहां **n** Input Data की Size है। उदाहरण के लिए किसी File में केवल 1 Record है तो उस Record से किसी नाम के Record को Search करने पर Algorithm की Complexity कम होगी जबकि उसी File में यदि 100 Record हों तो Use होने वाले Algorithm की Complexity अधिक होगी। यदि वांछित Record पूरी File में कहीं प्राप्त ना हो तो Algorithm की Complexity अनन्त होगी।

मानलो कि जो Record Search किया जा रहा है वह File में पहले स्थान पर ही उपलब्ध हो तो Algorithm की Complexity बिल्कुल कम होगी और Algorithm को **Best Case Algorithm** कहा जाएगा। यदि Search किया जाने वाला Record File के मध्य में हो तो Algorithm को **Average Case Algorithm** कहा जाएगा और यदि जो Record Search किया जा रहा है वह Record पूरी File में कहीं ना हो तो ऐसे Algorithm को **Worst Case Algorithm** कहा जाता है।

किसी Worst Case Algorithm में Record को Search करने के लिए उतनी बार Comparison का Operations करना पडता है, जितने File में Records हैं। मानलो कि File में 100 Record हैं तो Algorithm को 100 बार Comparison करना पड सकता है। इसे हम Mathematically निम्नानुसार प्रदर्शित कर सकते हैं:

C(n) = n

जहां C = Comparisons की संख्या है और n = Input Data की Size है। किसी Linear Search Algorithm की Worst Case Complexity में C(n) = n होती है।

Average Case Algorithm में किसी Data के हर Location पर मिलने की सम्भावना 1/n होती है जहां **n** Data Items की संख्या है। यानी यदि किसी Data Structure में n Data Items हों तो Data 1 से लेकर n तक में किसी भी स्थान पर हो सकता है। इसलिए किसी Data Item को किसी List में खोजने के लिए Algorithm को कुल **n** Comparisons करने पड सकते हैं। इसे हम निम्नानुसार Mathematically दर्शा सकते हैं:

```
C(n)      = 1 X 1/n + 2 X 1/n + ... n X 1/n
= ( 1 + 2 + ... + n ) X 1/n
= n( n + 1 )/2 X 1/n
= n + 1/2
```

इस Probability Equation से हम देख सकते हैं कि किसी Data के List में मिलने की सम्भावना लगभग n/2 होती है जहां **n** List के कुल Data Items की संख्या है।

Algorithms

किसी समस्या का समाधान Computer द्वारा प्राप्त करने के लिए हमें एक विशेष क्रम में विभिन्न Steps Use करने होते हैं। Steps की एक Well Defined List जिसके आधार पर किसी भी Computer Language में Program Create करके किसी Problem को अच्छी तरीके से Solve किया जा सके, **Algorithm** कहलाता है।

दूसरे शब्दों में कहें तो हम कह सकते हैं कि किसी समस्या के समाधान के लिए जिन Steps को Use किया जाता है, उन Steps को यदि एक निश्चित क्रम में सरल भाषा में लिख लिया जाए, तो इन Steps की List को **Algorithm** कहा जा सकता है।

Algorithm का हर Step ये बताता है कि कब और किस काम के बाद क्या काम हो रहा है। Algorithm किसी Problem के Solution का एक Specification होता है जिसके आधार पर किसी समस्या को Solve किया जाता है।

किसी Algorithm को सीमित Instructions की एक Sequence के रूप में देखा जा सकता है जिसमें निम्न गुण होते हैं:

1. Algorithm शुरू होने से पहले उसे कुछ Initial मान प्रदान किए जाते हैं। इन मानों को Input कहा जाता है और इन्हीं Input पर कोई Algorithm Processing करता है।

2. Algorithm के विभिन्न Steps इतने सरल व समझने योग्य होते हैं कि उस Algorithm का प्रयोग करके हम किसी भी Computer Language में उस Algorithm के आधार पर Program Create करके किसी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

3. Algorithm का हर Step इतना Clear होना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति उस Algorithm के आधार पर एक सीमित समय में उस समस्या का समाधान प्राप्त कर ले जिसके लिए Algorithm को लिखा गया है।

4. किसी Algorithm द्वारा किसी समस्या के समाधान के लिए लिखे गए सभी Steps एक सीमित समय में पूरे होने चाहिए। कई बार किसी समस्या के समाधान के लिए Repetitive Steps Use किए जाते हैं। ये Steps ऐसे होने चाहिए कि सीमित समय में समस्या का समाधान प्रदान कर सकें यानी Loop Infinite नहीं होना चाहिए।

5. एक Algorithm का कम से कम एक या एक से अधिक Output होना चाहिए। Steps का कोई भी ऐसा समूह जो किसी प्रकार का कोई Result Provide ना करता हो, उसे Algorithm नहीं कहा जा सकता।

Analysis of Algorithm

जब भी हम कोई Algorithm लिखते हैं तो ये जरूरी हो जाता है कि हम ये Analyze करें कि हमारे द्वारा लिखा गया Algorithm कितना Efficient है। Algorithm के Analysis का पहला तरीका ये है कि हम ये Check करें कि Algorithm सही लिखा गया है या नहीं। इसके लिए हमें निम्न काम करने होते हैं–

1. Algorithm की Tracing करना। यानी Algorithm के हर Step को Check करना कि जो काम जहां होना चाहिए वह वहीं हो रहा है या नहीं।

2. Algorithm की Reading करना। यानी ये पता लगाना कि Algorithm Logically Correct है या नहीं।

3. Algorithm की Implementing व Testing करना। यानी Algorithm के आधार पर किसी भी Programming Language में Program बनाना तथा Check करना कि Program सही Output प्रदान कर रहा है या नहीं। या फिर Mathematical Techniques द्वारा Algorithm की Correctness को Prove करना।

Algorithm के Analysis का दूसरा तरीका ये है हम Algorithm को Simplest Form में Create करें। यदि Algorithm को Simplest Form में लिखा गया हो तो उसे Implement करना यानी उसके आधार पर Program Create करना व उस Algorithm पर अन्य प्रकार के Analysis करना सरल होता है। फिर भी किसी समस्या को Solve करने के लिए Use किया जाने वाला सरल व साफ–सुथरा तरीका कई बार कुछ ज्यादा अच्छा तरीका नहीं होता है। ऐसा तब होता है जब Use किया जाने वाला सरल व साफ–सुथरा तरीका या तो काफी अधिक Memory का उपयोग करता हो या Solution प्रदान करने में काफी ज्यादा समय लगाता हो।

इस स्थिति में ये जरूरी होता है कि ये Analyze किया जाए कि जो Algorithm किसी समस्या के समाधान के लिए लिखा गया है वह कम से कम कितना Time व Space Use करता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी Company में 120 Employees हैं और हर Employee के Record को Memory में Load होने में 3 मिनट लगते हैं तो इस Algorithm को Use नहीं किया जा सकता क्योंकि यदि किसी दिन Company के सभी Employees को Access करना हुआ, तो सभी Employees के Records को Memory में Load होने में ही 4 घण्टे लग जाएंगे, फिर हर Record की Processing में तो और भी अधिक समय लगेगा। इसलिए कोई Algorithm कितना अच्छा है इसे **Time** व **Space** के आधार पर ही नापा जा सकता है।

Rate of Growth

कोई Algorithm Perform होने में कितने समय का उपयोग करेगा ये Analyze करने का कोई साधारण तरीका नहीं है। किसी भी Algorithm के Time Requirement को प्रभावित करने वाली सबसे पहली Complexity तो ये है कि कोई Algorithm किस Computer पर Perform हो रहा है, उस Computer पर ही Algorithm के Perform होने का Time निर्भर होगा।

मानलो यदि हम एक ही Algorithm को Pentium III Processor वाले CPU पर Execute करते हैं और उसी Algorithm को Pentium IV के Processor पर Execute करें, तो दोनों Computer पर Algorithm के Perform होने के समय में अन्तर रहेगा। यानी सबसे पहले तो कोई भी Algorithm कितना समय लेगा ये उस Computer की Speed पर निर्भर करता है जिस पर Algorithm को Use किया जा रहा है।

Algorithm के Perform होने के Time को प्रभावित करने वाली दूसरी Complexity Input Data Items की संख्या पर निर्भर करती है। उदाहरण के लिए यदि किसी Array में 100 Data Elements को जोडना हो तो कम समय लगेगा जबकि यदि Array में 10000 Data Elements हों, तो उन सभी की जोड करने में 100 Data की तुलना में अधिक समय लगेगा।

परिणामस्वरूप कोई Algorithm Perform होने में अनुमानतः कितना समय लेगा, इसे Input Data Size के फलन के रूप में Express किया जा सकता है। उदाहरण के लिए यदि किसी Array में Data Items की संख्या n हो तो Algorithm द्वारा n Data की Processing में लगने वाले समय को Time T(n) व Space S(n) के फलन के रूप में Express किया जा सकता है, जहां T व S Input Data n के फलन हैं।

इससे पहले कि हम किसी Algorithm को Analyze करके उसकी Efficiency ज्ञात करें, कुछ Functions को समझना ठीक रहेगा, जिनका प्रयोग T व S को Express करने के लिए किया जाता है। ये कुछ Standard Functions हैं जो Input Data Item n की Size के आधार पर Algorithm द्वारा लिया जाने वाला समय ज्ञात करने के लिए Use किए जाते हैं।

उदाहरण के लिए मान लो कि किसी Array में 16 Data Items हैं। इन 16 Data Items को अलग–अलग तरह से अलग–अलग कामों के लिए Process करने के लिए अलग–अलग Algorithms की जरूरत होती है। यदि इन 16 Items पर Processing करने के लिए हम **$f(n) = 2^n$** फलन का प्रयोग करें तो हमें Array के 16 Elements को Process करने के लिए कम से कम 2^{16} Operations करने पडेंगे, यानी हमें कुल 65536 Operations करने होंगे।

यदि इस फलन का Graph बनाया जाए, तो बनने वाला Graph काफी तेजी से बढेगा। यानी इस फलन के बढने की दर सबसे तेज होती है। ये फलन किसी भी Algorithm की Complexity ज्ञात करने का सबसे पहला फलन है जो किसी Algorithm के Perform होने में Algorithm द्वारा लिए जाने वाले सबसे अधिक समय को दर्शाता है।

यदि इस फलन के स्थान पर Algorithm **$f(n) = n^3$** फलन का प्रयोग करे, तो कुल Operations की संख्या 16^3 होगी। यदि इस फलन का भी ग्राफ बनाया जाए तो ये ग्राफ भी काफी तेजी से बढेगा लेकिन फिर भी ये Graph पहले वाले फलन की तुलना में कम तेजी से बढेगा।

किसी Algorithm की Complexity ज्ञात करने के लिए Use किया जाने वाला तीसरा फलन **$f(n) = n^2$** है। यदि इसी 16 Element वाले Array के 16 Data को Process करने के लिए यदि n^2 Operations करने पडे तो, Algorithm को कुल 256 Operation करने होंगे। यदि इस फलन के Growth का Graph बनाया जाए तो ये Graph भी काफी तेजी से बढेगा लेकिन पहले वाले दोनों फलनों की तुलना में काफी कम तेजी से बढेगा।

यदि Algorithm Perform होने के लिए **f(n) = n $\log_2$ n** Operations करता है तो इस फलन का Growth Rate पहले बताए गए सभी फलनों से कम होगा। यानी यदि इस फलन का Graph बनाया जाए तो Graph काफी धीमी गति से बढेगा।

यदि 16 Data Element के Array पर Processing के लिए **n $\log_2$ n** Operations करने पडें तो कुल Operations की संख्या **16 X $\log_2$ 16 = 16 X 4 = 64** होगी जो कि पहले के सभी फलनों की तुलना में काफी कम है।

यदि जो Algorithm Use किया जा रहा है वह Algorithm 16 Elements को Process करने में केवल 16 ही Operations करे, तो Algorithm की Complexity **f(n) = n** होती है। यदि इसका Graph बनाया जाए, तो एक Linear Graph बनता है जो कि Data Elements n की संख्या बढने के साथ बढता है और घटने के साथ घटता है।

किसी Algorithm की Complexity ज्ञात करने का अन्तिम फलन **f(n) = $\log_2$ n** है जिसमें 16 Item को Process करने में केवल 4 Operations करने होंगे। यदि इन सभी फलनों का Graph बनाया जाए तो ये Graph क्रम से अधिक Complex Algorithm को दर्शाएंगे। इस Graph को किसी Algorithm की Complexity का **Rate of Growth** कहा जाता है।

कोई Algorithm Perform होने के समय किस फलन के अनुसार Operations करता है, इसके आधार पर Algorithm की Complexity निर्भर करती है। एक ही काम को करने के लिए विभिन्न तरीके हो सकते हैं। जो तरीका कम से कम Operations में हमें हमारा Required Result प्रदान कर देता है वह Algorithm कम Complex और अधिक Efficient कहलाता है जबकि इसके विपरीत होने पर Algorithm अधिक Complex व कम Efficient कहलाता है। Algorithm की Growth निम्न क्रम में होती हैः

$\log_2$ n n n $\log_2$ n n^2 n^3 2^n

किसी भी Algorithm को Analyze करके ये पता किया जाता है कि Algorithm की Complexity किस फलन के अनुसार Grow हो रही है। हमें यही कोशिश करनी चाहिए कि किसी भी Algorithm की Complexity Linear क्रम में बढे। ऐसा Algorithm काफी Efficient होता है जिसका Graph Linearly बढता है।

Time Analysis

निम्न Algorithm द्वारा किसी Array के N Elements का जोड किया जा सकता है–

Algorithm

SUMMETION(LA, N)

Here LA is a Linear Array and N is the size of LA.

1 SUM = 0, LB = 0, UB = N-1 [Initialization]

```
2   REPEATE STEP 3 WHILE I <= UB STEP I = I + 1
3   SUM = SUM + LA[I]                    [Sum the Values of Array's All Elements ]
4   EXIT                                                                  [Finish]
```

जैसाकि हमने पहले बताया कि किसी भी Algorithm को Perform होने में कितना समय लगेगा ये ज्ञात करना काफी मुश्किल है। इसलिए हम Algorithm की Complexity को Data Items की Size के फलन के रूप में ही ज्ञात कर सकते हैं।

Algorithm के Time को हम किसी Algorithm द्वारा Perform होने वाली Comparisons संख्या के आधार पर ज्ञात करते हैं। कोई Algorithm Perform होते समय कुल कितने Operations करता है, उन्हीं Operations की संख्या को हम Algorithm के Perform होने के Time के रूप में मान लेते हैं।

यानी जितने अधिक Operations Algorithm द्वारा Perform होते हैं उस Algorithm को Perform होने में उतना ही अधिक समय लगता है। Time Algorithm में मानलो कि Data Item की संख्या n=10 है तो दसों संख्याओं को जोडने के लिए इस Algorithm में कुल 10 Operations होते हैं।

इस स्थिति में इस Algorithm को Perform होने में कुल 10 Operation करने पडते हैं तो इस Algorithm की Complexity का फलन f(n)=n होगा। यानी इस Algorithm को Perform होने में यदि Data Item की संख्या N है तो कुल Operation की संख्या भी N होगी और हर Operation में 1/N समय लगता है अतः कुल समय भी N ही लगेगा।

मानलो कि यदि Array के प्रथम Element को दूसरे Element से जोडने में एक सेकण्ड लगता है तो Data Item की संख्या 10 होने पर कुल दस बार जोड होगी और लगने वाला समय 10 सेकण्ड होगा।

Complexity (Big O Notation)

दो Algorithms में से कौनसा Algorithm अधिक Efficient है ये Analyze करने के लिए हमें दोनों Algorithms से प्राप्त होने वाले Results को Compare करना होता है। हम दो Algorithms से प्राप्त होने वाले Results को Compare कर सकें इसके लिए हमें "O" Notation को जानना जरूरी है।

कोई Algorithm कितने Operations करने के बाद Required काम को पूरा करता है, ये जानने के लिए हम कुछ Standard Function का प्रयोग करते हैं जो कि निम्नानुसार हैं–

$\log_2 n$	n	$n \log_2 n$	n^2	n^3	2^n

ये सभी Functions (फलन) किसी Algorithm का आयाम ज्ञात करने के लिए Use होते हैं। यानी n^2 से n^3 का आयाम अधिक होता है। यदि कोई एक Algorithm n^2 Operations के बाद हमें Required Results प्रदान करता है जबकि दूसरा Algorithm n^3 Operations के बाद हमें

Required Result Provide करता है, तो पहले वाले Algorithm से दूसरा वाला Algorithm अधिक Complex होगा। ये सभी Function एक निश्चित क्रम के अनुसार Input Data **n** के लिए आयाम प्रदान करते हैं। विभिन्न Functions जो आयाम प्रदर्शित करते हैं उन सभी आयाम प्रदर्शित करने वाले Functions को Handle करने के लिए एक Notation को Develop किया गया है।

एक Function **f(n)** को **O(g(n))** के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। यानी इसे **f(n)=O(g(n))** लिख सकते हैं और इस फलन को **g(n)** का क्रम कहा जाता है। यानी यदि निम्नानुसार $\mathbf{n_0}$ व **c** Positive Constant हों:

$| f(n) | <= | g(n) |$ जबकि सभी $n > n_0$

तो हम इसे "O" Notation के अनुसार लिख सकते हैं। जैसे निम्न फलनों का "O" Notation निम्नानुसार लिखा जा सकता है–

$100\ n^5$	का "O" Notation $\mathbf{O(n^5)}$ होगा।
$200n^3 + 50n^2 + 20n^1 + 544n^0$	का "O" Notation $\mathbf{O(n^3)}$ होगा।
$1 + 2 + \ldots + (n-1) + n = n(n+1)/2 = n^2 + O(n)$	का "O" Notation $\mathbf{O(n^2)}$ होगा।
3223	का "O" Notation **O(1)** या **O(n)** होगा।

सरल शब्दों में कहें तो हम कह सकते हैं कि O(g) फलनों (Functions) का एक ऐसा समूह होता है जो कि g के आधार पर Increase या Grow होता है जहां फलन g फलन O(g) का Upper Bound है। हम O(g) के विभिन्न फलनों के आधार पर विभिन्न Algorithms की Complexity ज्ञात कर सकते हैं और दो अलग–अलग Algorithms की Efficiency की आपस में तुलना करके पता लगा सकते हैं कि कौनसा Algorithm अधिक Efficient या कम Complex है। ये फलन Computer या Programming Language पर निर्भर नहीं होते हैं, इसलिए किसी Algorithm को बिना Implement किए हुए यानी Algorithm के आधार पर बिना Program बनाए हुए ही इन फलनों द्वारा हम ये जान सकते हैं कि कोई Algorithm कितना Complex है।

Properties of "O" Notation

किसी भी "O" Notation की कुछ General विशेषताएं होती हैं जिन्हें हम निम्नानुसार समझ सकते हैं:

1 किसी भी Algorithm को जब Mathematically Represent किया जाता है तो उसके जितने भी Constant Factors होते हैं उन्हें Ignore किया जा सकता है। उदाहरण के लिए यदि किसी Array में N Data Elements हैं और कोई Algorithm Array के सभी Elements को Process करता है जबकि N का मान 0 से अधिक है तो इस Algorithm की Complexity O(n) होगी। यानी

For All N > 0 , N ***f*** is **O(n)**

उदाहरण के लिए xz^2 व yn^2 दोनों की Complexity समान है और दोनों को "O" Notation के रूप में **$O(n^2)$** ही लिखेंगे।

2 n की Higher Power (उच्चतम घातांक) Lower Power (निम्नतम घातांक) से अधिक तेजी से Grow होता है। यानी

$200n^3 + 50n^2 + 20n^1 + 544n^0$ का "O" Notation **$O(n^3)$** होगा।

इस उदाहरण में देख सकते हैं कि फलन n^0 भी है और n^3 भी लेकिन इसका "O" Notation **$O(n^3)$** ही है क्योंकि ये उच्चतम घातांक है और अन्य सभी घातांकों की तुलना में इसका मान बहुत ही ज्यादा तेजी से Grow होगा और ये अन्य घातांको की तुलना में बहुत ही ज्यादा Operations को Represent करेगा, जिससे अन्य घातांकों के Operations की संख्या को Ignore किया जा सकता है।

3 कुल Operations के योग के बढने की दर वही होती है जो सबसे अधिक Growth Term की होती है। यानी यदि किसी Algorithm में

$an^3 + bn^4 + cn^2 + dn^1$

Operations होते हैं तो इस Algorithm की Complexity bn^4 के बढने की दर के बराबर होगी। यानी इस Algorithm के Operations को "O" Notation के रूप में यदि लिखा जाए तो **$O(n^4)$** ही लिखना होगा।

4 यदि फलन f फलन g की तुलना में अधिक तेजी से Grow होता है और फलन g फलन h की तुलना मे अधिक तेजी से Grow होता है तो फलन f फलन h की तुलना में भी अधिक तेजी से बढता है।

5 किसी फलन के Upper Bound (अधिकतम Operations की संख्या) का किसी अन्य फलन से गुणा किया जाता है तो प्राप्त होने वाला मान Upper Bound (अधिकतम Operations की संख्या) को Represent करता है। जैसे

IF f is O(g) and h is O(r) then fh is O(gr)

उदाहरण के लिए

IF f is O(n2) and h is O(log n) then fh is O(n2 log n)

6 Exponential फलन Power फलन की तुलना में अधिक तेजी से बढते हैं। जैसे

n^k is $O(b^n)$, जबकि b के सारे मान 1 से बडे हों और k का मान 0 या 0 से बडा हो। यानी
n^k is $O(b^n)$, For all **b > 1** ; **k >= 0**

उदाहरण के लिए

n4 is O(2n), and n4 is O(exp(n))

7 Logarithms Powers की तुलना में बहुत ही धीमी गति से बढते हैं। जैसे

Log_b n is **$O(n^k)$** for all **b > 1** ; **k > 0**

उदाहरण के लिए **log_2 n** is **$O(n^{0.5})$**

किसी Algorithm को Analyze करते समय हमारे सामने दो सबसे बडी समस्याएं होती हैं:

CPU Time

CPU की Speed मुख्य रूप से Algorithm द्वारा ही प्रभावित नहीं होती है बल्कि कुछ अन्य तथ्य भी CPU की Speed को प्रभावित करते हैं। इनमें से कुछ तथ्य निम्नानुसार हैं–

1 हम जो Computer Use कर रहे हैं उस Computer के CPU की Actual Speed क्या है और उस Computer पर कितना Load है। जिस Computer में जितने अधिक Softwares Installed होते हैं, Computer उतना ही अधिक Loaded होता है।

2 हम कौनसी Programming Language Use कर रहे हैं और कौनसा Compiler Use कर रहे हैं इस पर भी Algorithm के Perform होने की Speed निर्भर करती है। जैसे यदि हम ऐसे Compiler को Use कर रहे हैं जो कि Directly Computer के विभिन्न Hardware को Access करने में सक्षम है तो Algorithm अधिक तेजी से Perform होगा।

"C" एक ऐसी ही Language है जिसमें हम Computer के किसी भी Hardware को Directly Access कर सकते हैं। जबकि Visual Basic में यदि Algorithm को Perform करने के लिए Program लिखा जाएगा तो उस Program की Speed "C" के Program की Speed से कम होगी।

3 कुछ अन्य Factors भी होते हैं जो Algorithm की Performance को प्रभावित करते हैं। जैसे यदि Data Structure के रूप में Array को Use किया जाता है तो हमें हमेंशा Algorithm में ये Check करना होता है कि Array में Data Insert करने के लिए Space

है या नहीं। यानी Array की Bounding को Check करना जरूरी होता है अन्यथा Algorithm किसी अन्य Program के Data को Corrupt कर सकता है। किसी Array की Indexing करने में या किसी Record को Access करने में जो Extra समय लगता है वह Algorithm की Performance को प्रभावित करता है।

जब हम हमारे Program में बहुत से Procedures यानी Functions Create करते हैं, तो हर Function के Call होने पर Program Control एक स्थान से दूसरे स्थान पर Jump करता है। इस Jumping में भी कुछ समय व्यर्थ होता है। ये समय भी Algorithm के Performance पर असर करता है।

Input / Output

Constant Time के Algorithms परिभाषा के रूप में सभी Input Data पर Processing के लिए समान समय लेते हैं। लेकिन ज्यादातर Algorithms Constant Time नहीं होते हैं। यानी सभी Data की Processing में समान समय नहीं लेते हैं।

इस स्थिति में हम एक निश्चित अंक के रूप में किसी Algorithm की Efficiency को परिभाषित नहीं कर सकते हैं। इसलिए हमें Algorithm की Efficiency को Input Data की Size n के फलन के रूप में ही परिभाषित करना पडता है।

पहली समस्या का समाधान ये है कि हमें Algorithm की Efficiency को Analytically Measure करना चाहिए ना कि Experimentally, क्योंकि दो अलग Computer पर समान Algorithm भी अलग Time में Perform होगा।

अन्य शब्दों में कहें तो हमें Algorithm को उसकी Efficiency व उस Algorithm को प्रभावित करने वाले तत्वों के आधार पर परिभाषित करना होता है। सामान्यतया हम किसी Algorithm की Efficiency ज्ञात करने के लिए निम्न में से किसी एक को Measure करते हैं:

1. Numerical Algorithms के लिए हम कुल Addition, Subtraction, Multiplication आदि की संख्या ज्ञात करते हैं।
2. Searching या Sorting के Algorithm में हम कुल Comparisons की संख्या ज्ञात करते हैं।
3. Assignment Statements व Parameters के आधार पर Data Movement की कुल संख्या को ज्ञात करते हैं।
4. किसी Algorithm के लिए Required कुल Memory Space की Limit को ज्ञात करते हैं।

दूसरी समस्या के समाधान के लिए हम N Data Items के लिए Algorithm की Efficiency दर्शाने वाला एक फलन ज्ञात करते हैं जिससे किसी Algorithm की Efficiency या Complexity को Represent किया जाता है।

किसी Algorithm की Complexity या Efficiency को ज्ञात करते समय हमें सबसे पहले ये तय करना होता है कि हम Input की किस Property को Measure करने जा रहे हैं। किसी Algorithm की सबसे अच्छी Property वह होती है जो Algorithm के Efficiency Factor को प्रभावित करती हो।

हम यहां पर Algorithm की Key Property के रूप में Input Size शब्द को Use करके Algorithm को Analyze करेंगे और Input Size को Variable N से Represent करेंगे। फिर भी ये जरूरी नहीं है कि हम केवल एक ही Property का प्रयोग करें। हम किसी Algorithm की Efficiency को कई Properties के आधार पर एक फलन के रूप में Express कर सकते हैं।

लेकिन केवल एक ही Property के आधार पर किसी Algorithm की Efficiency को Express करना काफी सरल तरीका होता है तथा एक ही Property को सभी Properties के रूप में Represent किया जा सकता है। इसी तरीके को सबसे ज्यादा Use किया जाता है।

उदाहरण के लिए किसी List के विभिन्न Elements को Sort करने के लिए जितना समय Use होता है उसे List की Length के एक फलन के रूप में लिखा जा सकता है। Sorting के लिए हम जिस Algorithm का प्रयोग करते हैं वह Typically एक Quadratic Function होता है। यानी

```
TIME(n) = n * n
```

MergeSort व QuickSort के Algorithm अधिक तेज होते हैं। उनको फलन के रूप में निम्नानुसार लिखा जा सकता है–

```
TIME(n) = n * log (n)
```

इस Algorithm की Length Quadratic से कम लेकिन Linear से अधिक होती है।

ये तरीका अभी भी दूसरी समस्या का जवाब प्रदान नहीं कर रहा है। मानलो एक Algorithm किसी List में से किसी Required मान को Search कर रहा है। हम ये मान लेते हैं कि जो भी मान Search किया जा रहा है वह हमेंशा List में उपलब्ध होता है। ऐसा कोई मान Search नहीं किया जाता जो कि List में उपलब्ध ही ना हो। इस स्थिति में Algorithm हमेंशा Successful होता है।

